भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1457

जिसका उत्तर 31 जुलाई, 2024 को दिया जाना है

खानों में दुर्घटनाएं

1457. डॉ. के. सुधाकर:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में कोयला खनन के उपयोग को रोकने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास भारत में कोयला और अन्य खनन क्षेत्रों में नियोजित श्रमिकों की कुल संख्या के संबंध में आंकड़े हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार और क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास कर्नाटक में सक्रिय खानों, जो केन्द्र और राज्य सरकारों दोनों के अंतर्गत हैं, की कुल संख्या के संबंध में आंकड़े है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने कर्नाटक की खनन खाइयों में बार-बार होने वाली दुर्घटनाएं नोट की हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान कर्नाटक की खानों में प्रत्येक भूस्खलन/दुर्घटना के मामले में खान श्रमिकों को भुगतान किए गए मुआवजे का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला एवं खान मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : जी, नहीं। देश ने आने वाले वर्षों में कोयले की बढ़ती मांग की परिकल्पना की है, जिसका मुख्य उद्देश्य देश की विद्युत मांग और ऊर्जा सुरक्षा को पूरा करना है। यह अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2029-30 तक कोयले की कुल मांग 1570.26 मि.ट. होगी। सरकार ने मांग को पूरा करने के लिए कोयले का उत्पादन बढ़ाने की योजना बनाई है।

(ख) : दिनांक 01.07.2024 की स्थिति के अनुसार कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा नियोजित जनशक्ति का विवरण अनुबंध-I में दिया गया है। दिनांक 30.06.2024 की स्थिति के अनुसार

सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) (तेलंगाना राज्य में) में कर्मचारियों की कुल संख्या 41,685 है। दिनांक 01.07.2024 की स्थिति के अनुसार एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) द्वारा नियोजित जनशक्ति का विवरण इस प्रकार है:

क्र.सं.	**खान**	**दिनांक 01.07.2024 की स्थिति के अनुसार मजदूरों का विवरण**	
		विभागीय	**संविदात्मक**
1	लिग्नाइट खान-I (तमिल नाडु)	1,453	2,256
2	लिग्नाइट खान-Iक (तमिल नाडु)	495	2,372
3	लिग्नाइट खान-II (तमिल नाडु)	1,462	4,519
4	बरसिंगसर लिग्नाइट खान (राजस्थान)	21	146
5	तालाबिरा II और III कोयला ओसीपी (ओडिशा)	5	842
	कुल एनएलसीआईएल खान	**3,436**	**10,135**

इसके अलावा, वाणिज्यिक खनन के अंतर्गत सफलतापूर्वक नीलाम की गई 107 कोयला खानों से अनुमानित/प्राक्कलित रोजगार सृजन निम्नानुसार है:

राज्य	**खानों की संख्या**	**कुल रोजगार (प्रत्यक्ष + अप्रत्यक्ष)**	**पीआरसी का जोड़ (एमटीपीए)**
अरूणाचल प्रदेश	1	270	0.20
असम	2	20	0.02
छत्तीसगढ़	16	61,935	45.81
झारखंड	28	58,677	43.40
मध्य प्रदेश	26	32,489	24.03
महाराष्ट्र	9	7,057	5.22
ओडिशा	21	1,73,908	128.63
तेलंगाना	1	5,408	4.00
पश्चिम बंगाल	3	6,611	4.89
कुल योग	**107**	**3,46,375**	**256.20**

(ग) : कर्नाटक राज्य में कोई कोयला खान स्थित नहीं है। इसके अलावा, डीजीएमएस ने सूचित किया है कि कर्नाटक में 14 सक्रिय खानें हैं, जिनमें से 12 खानें कर्नाटक राज्य सरकार के स्वामित्व में हैं और 2 खानें केंद्र सरकार के स्वामित्व में हैं।

(घ) : डीजीएमएस ने सूचित किया है कि कैलेंडर वर्ष 2021 से 2023 के दौरान कर्नाटक की खानों में हुई दुर्घटनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	**गंभीर दुर्घटना**	**मृत्यु**	**घातक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल**	**गंभीर दुर्घटना**	**गंभीर रूप से घायल**
2021	2	3	0	7	7
2022	6	10	5	7	7
2023	3	3	1	5	5

(ङ.) : कर्नाटक सरकार ने सूचित किया है कि भूस्खलन की कोई दुर्घटना नहीं हुई है। तथापि, एक मामले में, अर्थात् बल्लारी जिले के संदूर तालुक में स्थित पी. बालासुब्बासेट्टी (एमएल संख्या 2502) में, डंप को पास के वन क्षेत्र में गिरा दिया गया, जिसके लिए पट्टाधारक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस संबंध में, खान सुरक्षा विभाग ने भी कार्रवाई की है। उक्त मामले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। चूंकि, भूस्खलन की कोई घटना रिपोर्ट नहीं हुई, इसलिए मुआवजे का भुगतान करने का सवाल ही नहीं उठता।

****

अनुबंध-I

01 जुलाई 2024 की स्थिति के अनुसार कोल इंडिया लिमिटेड के राज्य-वार विभागीय (गैर-कार्यकारी) और ठेका कामगार

सहायक कंपनी	पश्चिम बंग्राल		झारखंड		उत्तर प्रदेश		मध्य प्रदेश		छत्तीसगढ		महाराष्ट्र		ओडिशा		असम		मेघालय		दिल्ली		कुल जनशक्ति	
	विभागीय	संविदात्मक	विभागीय	संविदात्मक	विभागीय	संविदात्मक	विभागीय	संविदात्मक	विभागीय	संविदात्मक	विभागीय	संविदात्मक	विभागीय	संविदात्मक	विभागीय	संविदात्मक	विभागीय	संविदात्मक	विभागीय	संविदात्मक	विभागीय	संविदात्मक
ईसीएल	**39167**	**5354**	**6710**	**1946**	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**45877**	**7300**
बीसीसीएल	1064	78	30426	5590	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**31490**	**5668**
सीसीएल	0	0	31770	7440	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**31770**	**7440**
एनसीएल	0	0	0	0	5563	9962	6421	13120	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**11984**	**23082**
एसईसीएल	98	187	0	0	0	0	10572	3925	25725	16426	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**36395**	**20538**
डब्ल्यूसीएल	0	0	0	0	0	0	6920	1408	0	0	23606	13766	0	0	0	0	0	0	0	0	**30526**	**15174**
एमसीएल	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	19431	24525	0	0	0	0	0	0	**19431**	**24525**
सीएमपीडीआईएल	240	140	763	270	0	0	153	100	408	276	225	224	162	116	0	0	0	0	0	0	**1951**	**1126**
एनईसी	3	4	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	498	429	8	0	0	0	**509**	**433**
सीआईएल मुख्यालय	228	333	1	0	0	0	0	0	0	0	2	0	0	0	0	0	0	0	**35**	**0**	**266**	**333**
कुल योग	**40800**	**6096**	**69670**	**15246**	**5563**	**9962**	**24066**	**18553**	**26133**	**16702**	**23833**	**13990**	**19593**	**24641**	**498**	**429**	**8**	**0**	**35**	**0**	**210199**	**105619**